प्रधानमंत्री ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी

खिलाड़ियों को तलाशना और तराशना जरूरी : मोदी

30 एकड़ में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा

30 हजार दर्शक क्षमता होगी स्टेडियम की, 451 करोड़ लागत

वाराणसी, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी के गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, देश के विकास के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। गांवों में छिपी प्रतिभाओं को तलाशना और तराशना आवश्यक है। उन्होंने कहा, जो खेलेगा, वही खिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, दुनिया के कई देशों को सिर्फ वहां आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन के कारण जाना जाता है। भारत में भी ऐसे आयोजनों के लिए सेंटर बनाने होंगे। 22 मिनट के संबोधन में मोदी ने कहा कि पहले माता-पिता खेलों के लिए टोकते थे, अब देश की सोच बदल रही है। हाल में वर्षों में भारत को विभिन्न खेलों में मिली सफलता सोच में आए बदलाव का परिणाम है।

सुविधाएं बढ़ी: मोदी ने कहा, सरकार 'खेलो इंडिया' गतिविधियों के माध्यम से देश की खेल प्रतिभाओं के लिए मैदान-कोच और कोचिंग से लेकर आवास-भोजन तक की व्यवस्था कर रही है। खेल को खिलाड़ियों की फिटनेस, रोजगार और उनके कॅरियर से जोड़ा जा रहा है। स्कूलों से लेकर ओलंपिक पोडियम तक सरकार टीम मेंबर के रूप में साथ चल रही है।

कई कार्यक्रमों में शामिल हुए: पीएम मोदी काशी नारी शक्ति की ओर से आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया। साथ ही काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह में भी शामिल हुए।

सितारों की मौजूदगी: गंजारी के जनसभा के दौरान मंच पर भारतरत्न सचिन तेंदुलकर, क्रिकेट में 'ओल्ड एज गोल्ड' के प्रतीक सुनील गावस्कर, कपिल देव, रवि शास्त्री, मदनलाल, करसन घावरी और बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह समेत कई सितारे भी मौजूद रहे।

› काशी में पीएम P12

वाराणसी में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की नींव रखने के दौरान आयोजित कार्यक्रम में पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नमो लिखी हुई जर्सी सौंपी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। ● एजेंसी

उत्तर प्रदेश में बीसीसीआई का पहला स्टेडियम

मोदी ने कहा कि आज नए-नए देश क्रिकेट से जुड़ रहे हैं। भविष्य में अधिक मैदान की जरूरत पड़ेगी। उसे ध्यान में रखते हुए भी काशी का यह स्टेडियम उपयोगी साबित होगा। यूपी का यह पहला स्टेडियम होगा, जिसका निर्माण बीसीसीआई कराएगा। स्टेडियम में बैठने की क्षमता 30 हजार होगी।

खेलों को बढ़ावा देने को सरकार प्रतिबद्ध : योगी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हर जनपद में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना, हर गांव में खेल मैदान, हर ब्लॉक में मिनी स्टेडियम के निर्माण तेजी से कराए जा रहे हैं। › ब्योरा P12

आम लोगों को आसान भाषा में मिले फैसला

नई दिल्ली, वि.सं.। केंद्र कानूनी मसौदों को सरल और आम लोगों की भाषा में तैयार कर रहा है। इन्हें आम लोगों के लिए भारतीय भाषाओं में बदलने की कोशिशें चल रही हैं। यह बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहीं।

मोदी ने कहा कि कानून लिखने और न्यायिक प्रक्रिया में जिस भाषा का इस्तेमाल होता है, वह न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि हम लोग सोच रहे हैं कि कानून दो तरीकों से पेश किया जाना चाहिए। एक मसौदा उस भाषा में होगा जिसका आप (न्यायपालिका) इस्तेमाल करते हैं और दूसरा मसौदा उस भाषा में होगा जिसे देश का आम आदमी समझ सके। मोदी ने विधि समुदाय के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि न्यायपालिका और वकील भारत की न्याय प्रणाली के लंबे समय से संरक्षक रहे हैं।

तकनीक से जटिल कानूनी मुद्दे उत्पन्न हुए : चंद्रचूड़

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, तेजी से विकसित होती प्रौद्योगिकी से 'जटिल कानूनी मुद्दे' उत्पन्न हुए हैं, वकील इस परिदृश्य से निपटने में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि असंख्य वैश्विक कानूनी चुनौतियों से निपटने में वकीलों की भूमिका अहम हुई है। › कानून का शासन P13